संख्या 15011/36/2022-न्याय (एयू)/ई 6889

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

विषय: **न्याय विभाग से संबंधित दिसंबर, 2022 माह का मासिक सार।**

न्याय विभाग की दिसंबर 2022 की महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नलिखित हैं।

1. **ईकोर्ट मिशन मोड परियोजना फेज-।।**

**(**क) **राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिडः** वादीगण राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर 1 दिसंबर, 2022 तक के 21.74 करोड़ से अधिक मामलों के संबंध में स्थिति रिपोर्ट और कंप्यूटरीकृत न्यायालय से संबंधित 19.80 करोड़ से अधिक आदेशों/निर्णयों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

(ख) **वर्चुअल कोर्टः**21 वर्चुअल न्यायालयों द्वारा 2.30 करोड़ से अधिक मामलों को देखा गया है और दिनांक 1-12 -2022 तक 31 लाख से अधिक मामलों में, 237 करोड़ से अधिक रुपए का ऑनलाइन जुर्माना वसूल किया गया है।

(ग) **जस्टिस ऐप**:न्यायिक अधिकारियों के लिए मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की कुल संख्या 1 दिसंबर, 2022 तक 17,709 हो गई है।

(घ) **ईताल:** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजैक्शन एग्रीगेशन एंड एनालिसिस लेयर पोर्टल पर प्रकाशित डाटा के अनुसार, ईकोर्ट ई लेन-देन गणना से संबंधित भारत में शीर्ष 5 एम एम पी के मध्य अग्रणी परियोजनाओं में से एक है।

(ङ) **राष्ट्रीय अवार्ड:** भारत के उच्चतम न्यायालय की ई-समिति को जो न्याय विभाग के साथ भागीदारी में ईकोर्ट मिशन मोड परियोजना कार्यान्वित कर रही है,भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा विकलांग व्यक्ति (दिव्यांगजन) सशक्तिकरण विभाग (सर्वश्रेष्ठ सुगम्य यातायात के साधन/सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) के संरक्षण के तहत दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण में लगे संस्थानों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ई समिति, जिला न्यायालयों की सुगम्य वेबसाइटों और ईकोर्ट परियोजना के तहत ऑर्डर सर्च पोर्टल के माध्यम से कानूनी क्षेत्र को अधिक सुगम और समावेशी बनाने के सम्मान स्वरूप दिया जाता है।

2. **टेली लॉ कार्यक्रम:**

(क) 31 दिसंबर, 2022 तक, 29,19,552 लाभार्थियों को कानूनी सलाह प्रदान की गई जिसमें दिसंबर, 2022 माह में 1,82,441 लाभार्थी भी शामिल हैं।

(ख) दिसंबर माह के दौरान वी

एल ई/पीएलबी, राज्य समन्वयकों और पैनल वकीलों द्वारा 81 जिलों में आयोजित 95 प्रशिक्षण और जागरूकता सत्रों/कैंपों में 4,471 व्यक्तियों ने भाग लिया।

(ग) देश भर में टेली ला मोबाइल एपलिकेशन के लिए गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर, 2022 से आगे 04 माह की अवधि के लिए हितधारको के आधार का मूल्यांकन करने के लिए एस एम एस (हिंदी और अंग्रेजी) लांच किया गया था। दिसंबर, 2022 माह में लक्षित नागरिकों को 50 लाख एस एम एस भेजे गए थे जिससे sms अभियान का कुल आंकड़ा एक करोड़ 50 लाख लाभार्थियों तक पहुंच गया।

**3. न्याय बंधु कार्यक्रम (प्रो बोलो कानूनी सेवाएं):**

**(**क) माह के दौरान, 129 नए प्रो बोनो वकीलों ने न्याय बंधु मोबाइल एप्लीकेशन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया। न्याय बंधु पोर्टल के अंतर्गत कुल 5336 वकील (पुरुष-4546, महिलाएं-783, ट्रांसजेंडर-02) पंजीकृत हो चुके हैं।

(ख) माह के दौरान, 15 नए वकीलों ने उच्च न्यायालयों में नामांकन किया है जिससे अब तक 25 उच्च न्यायालयों में कुल 1183 प्रो बोनो वकील हो गए हैं।

**4. कानूनी साक्षरता एवं विधिक जागरुकता कार्यक्रम (एल एल एल ए पी):**

**(**क) दिव्यांगों के अधिकारों पर तेरहवीं वेबीनार न्याय विभाग द्वारा कानूनी जागरुकता वेबीनार श्रंखला के भाग के रूप में, हाइब्रिड मोड में दिनांक 27 दिसंबर, 2022 को आयोजित की गई थी जिसमें 16,612 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया था। ये तेरह वेबीनार 3,18,106 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचने के लिए सितंबर, 2021 से दिसंबर, 2022 तक आयोजित की गई थीं।

(ख) सेंटर फॉर कम्युनिटी इकोनॉमिक्स एंड डेवलपमेंट कंसल्टेंट सोसाइटी सी ई सी ओ ई डी ई सी ओ एन), जयपुर, राजस्थान ने राजस्थान के करोली जिले में एक कानूनी जागरुकता कार्यक्रम, पंचायत स्तर के 03 संवेदीकरण सत्र और 03 धानी बैठकें आयोजित कीं।

(ग) राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली (एन एल यू डी) ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में 3 दिसंबर और मथुरा में 5 दिसंबर, 2022 को दो विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए।

xxxxxxxxxxxxxxx